तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 19 जून 2025

2 प्रवेशोत्सव में बच्चों का हुआ स्वागत, गणवेश का भी किया गया वितरण



4 संकल्प सिद्धि कार्यक्रम में पूर्व विधायक बोले मोदी ने भारत को दी नई ऊंचाई








# जर्जर भवन में संचालित हो रहा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति का कार्यालय

## कर्मचारियों पर गिरते रहता है छत का प्लास्टर, हो सकती है बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/गरियाबंद

गरियाबंद जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्र बारूला में स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति का भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। सन् 1972 में बना यह भवन अब खंडहर में तब्दील होता जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद यहां आज भी समिति कार्यालय का संचालन किया जा रहा है।

सहकारी समिति में आसपास दस गांवों जिसमें बारूला, फुलकर्रा, पोटिया, टेवारी, अमेठी, छिंदोला, भुंजियामुड़ा, रामपुर, मदनपुर, कौंदकेरा, राकादादर के 1400 से अधिक किसान जिनमें अधिकांश आदिवासी वर्ग से हैं, बरसात शुरू होते ही खाद-बीज लेने समिति कार्यालय पहुंचते हैं, जहां हर पल किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

बरसात शुरू होते ही खेती-किसानी के लिये किसानों को खाद बीज लेने के लिए समिति कार्यालय में अना पड़ता हैं, जहां उन्हें दुर्घटना की आशंका बनी रहती हैं। किसान समिति कार्यालय के जर्जर हॉल और बरामंदे में कर्मचारी बैठे रहते हैं। कार्यालय की दीवारें जीर्ण-शीर्ण हो गई हैं। बरामंदे की प्लास्टर उखड़ कर गिर गया है। कार्यालय के कर्मचारी भी जान को जोखिम में डालकर किसानों के हित में काम करते हैं। बीते दिनों हॉल की छत का प्लास्टर गिरने से समिति का कम्प्यूटर भी खराब हो गया था। इसके बावजूद कर्मचारी जान जोखिम में डालकर किसानों की सेवा में जुटे हैं।

### प्रशासन तक पहुंची बात, लेकिन कार्रवाई अधर में

समिति प्रबंधन ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर को भवन के जर्जर हालत की सूचना दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बताया जा रहा है कि नया भवन बनाने का प्रकरण बैंक की तकनीकी शाखा में लंबित है।



### नये भवन के लिए पंचायत ने भी कलेक्टर को सौंपा पत्र

बारूला पंचायत के सरपंच और पंचों ने भी गरियाबंद कलेक्टर को पत्र लिखकर इस समस्या से अवगत कराया है और नए भवन के निर्माण की मांग की है, लेकिन अब तक समिति को राहत नहीं मिली है। समिति से जुड़े किसानों का कहना है कि अगर जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो यहां किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य के लिए सीएम ने एसआई को किया सम्मानित



**गरियाबंद।** गरियाबंद जिले में पदस्थ उपनिरीक्षक गनेश्वरी नरेटी को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें 17 जून 2025 को आयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदान किया गया। गनेश्वरी नरेटी ने पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत दो गंभीर प्रकरणों में त्वरित विवेचना करते हुए आरोपियों को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई। उनकी इस सतर्कता, न्यायसंगतता और संवेदनशीलता के लिए मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**अन्य पुलिस कर्मियों को लेनी चाहिए प्रेरणा:** इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बाल अधिकारों की रक्षा के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया और कहा कि ऐसे समर्पित अधिकारियों से अन्य पुलिस कर्मियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। गनेश्वरी नरेटी को मिला यह सम्मान, गरियाबंद जिले के लिए गर्व का विषय है और महिला सुरक्षा व बाल अधिकारों के संरक्षण के प्रति उनकी जिम्मेदारी और निष्ठा को दर्शाता है।

## अपराध : मामूली बात पर पूर्व सरपंच मिलाप ध्रुव की बेरहमी से हत्या

# नशे में दोस्त बना कातिल, कुल्हाड़ी से काटकर शव को घर के बाहर फेंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

छुरा थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक हत्या की वारदात ने पूरे गांव को दहला दिया। बताया जा रहा है कि शराब के नशे में दो जिगरी यारों के बीच मामूली विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। घटना छुरा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत कनेसर गांव की है, जहां पैक (शराब का पैक) बनाने में हुई देरी ने जानलेवा मोड़ ले लिया। गुस्से में आगबबूला होकर कथित आरोपी मानसिंह खिलारे ने अपने ही मित्र मिलाप ध्रुव (उम्र 54), जो गांव का पूर्व सरपंच भी था, को टंगिया (कुल्हाड़ी) से बेरहमी से काट डाला।

हत्या के बाद आरोपी ने खून से सने शव को घर के बाहर फेंक दिया और मौके पर ही बैठकर बची हुई खत्म शराब कर दी। जैसे ही ग्रामीणों को इस दर्दनाक वारदात की खबर लगी, पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही छुरा पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत जांच में जुट गई। एफएसएल (फॉरेंसिक टीम) ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और कुल्हाड़ी के साथ शराब की बोतल को जब्त किया गया।

**काफी लोकप्रिय थे मिलाप:** ग्रामीणों के अनुसार मृतक मिलाप ध्रुव गांव के पूर्व सरपंच थे और सामाजिक रूप से काफी लोकप्रिय थे। उनके साथ हुए इस निर्मम कृत्य से लोगों में गहरा आक्रोश है। गांव वालों ने आरोपी को फांसी देने की मांग करते हुए पुलिस को घेर लिया। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि पुलिस को आरोपी को थाने ले जाने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। भीड़ में कई लोग आरोपी पर हाथ साफ करने को आमादा थे, लेकिन समय रहते पुलिस ने स्थिति को काबू में कर लिया।



### आरोपियों से पूछताछ जारी

फिलहाल छुरा पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच गहनता से की जा रही है। यह घटना एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर रही है कि शराब के नशे में किस हद तक इंसान अमानवीय हो सकता है, और सामाजिक रिश्ते भी कब खून से लथपथ हो जाते हैं।

## पुलिस ने किया मोटर साइकिल चोरी गिरोह का भंडाफोड़, 9 गाड़ियां बरामद

**छुरा।** छुरा थाना क्षेत्र में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए एक अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चोरी की गई 9 मोटर साइकिलें जब्त की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 6 लाख रुपये बताई जा रही है। प्रार्थी टोमल लाल साहू की हीरो स्पलेण्डर मोटर सायकल क्रमांक सीजी-23 एन 0665 को 20 अप्रैल की रात किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। प्राथी की शिकायत पर रिपोर्ट अपराध क्रमांक 49/2025 धारा 303(2) बीएनएस कायम कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार दिनांक 17.05.2025 को प्रार्थी घनश्याम साहू निवासी पीपरहट्टा जो अपने मो.सा. प्लेटिना क्रमाक 23 एच 4764 से साप्ताहिक बाजार छुरा आए थे. किसी अज्ञात चोर द्वारा मो.सा. प्लेटिना क्रमाक 23 एथे 4764 कीमती 16,000 रू को चोरी कर ले गया था। जिले के पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के पर्यवेक्षण में चोरी गई मोटर सायकल एवं आरोपी की पता तलाश के दौरान जरिये वारंटी आरोपी थनवार बंजारे साकिन आवासपारा छुरा के घर तलाशी के दौरान अप.क्र. 49/2025, 67/2025 के संबंधित मोटर सायकल मिलने से थनवार बंजारे से पुछताछ कर मेमोरण्डम लिया गया, जिस पर धनवार बंजारे ने अपने साथ गजेन्द्र नेताम, टीकम आडिल, डिगेश बंजारे के साथ मिलकर छुरा, पाण्डुका, फिंगेश्वर, उड़ीसा के लखना थाना क्षेत्र से उपरोक्त मोटर सायकल को चोरी लाना बताये, जिस पर छुरा पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू की तथा रिपोर्ट के आरोपियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया। जिन्होंने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए आरोपी के कब्जे से चोरी किये गई 09 मोटर सायकल जप्त किया जिसकी किमत 6 लाख रूपए आंकी गई है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।




## रेत के अवैध उत्खनन पर गरियाबंद प्रशासन की सर्जिकल स्ट्राइक






हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में खनिज रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगाम कसने के लिए प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर बीएस उइके के निर्देश पर गठित जिला स्तरीय खनिज टॉस्क फोर्स की संयुक्त टीम ने मंगलवार देर रात ग्राम बकली के पास महानदी क्षेत्र में दबिश देकर 1 चैन माउंटेन मशीन और 2 हाईवा जब्त किए हैं।

■ रात में दी दबिश, चैन माउंटेन मशीन और दो हाईवा जब्त

कार्रवाई 17 जून की रात 1 बजे से 3 बजे के बीच की गई। अवैध उत्खनन में प्रयुक्त चैन माउंटेन मशीन को थाना पांडुका की अभिरक्षा में रखा गया है, जबकि अवैध रेत परिवहन में संलिप्त दोनों हाईवा थाना राजिम की अभिरक्षा में हैं। सभी वाहनों पर खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 और छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है।

**लगातार की जा रही निगरानी:** कलेक्टर ने जिले में अवैध खनिज गतिविधियों की रोकथाम के लिए पुलिस, राजस्व, वन और खनिज विभाग की संयुक्त निगरानी टीम को सक्रिय किया है। रात-दिन निगरानी कर रेत के अवैध कारोबार पर सख्ती से नकेल कसी जा रही है।

### कार्रवाई में टीम का योगदान

इस कार्रवाई में सहायक खनि अधिकारी श्री रोहित कुमार साहू, खनिज सिपाही श्री खिलेश्वर ध्रुव, नगर सैनिक श्री भुवनेश्वर वर्मा व श्री लाकेश साहू और वाहन चालक श्री नंद कुमार साहू शामिल रहे। वहीं, स्थानीय पुलिस विभाग का विशेष सहयोग भी कार्रवाई को सफल बनाने में अहम रहा।

**अब होगी सख्त कानूनी कार्रवाई** : सहायक खनि अधिकारी रोहित साहू ने बताया कि जब्त वाहनों पर नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खनिज विभाग की ओर से यह संदेश साफ है कि रेत का अवैध कारोबार करने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा।

# राजिम में भाजपा की संकल्प सिद्धि सभा विधायक रोहित ने दिलाया सेवा का संकल्प

**राजिम।** भाजपा मंडल राजिम द्वारा सेवा,सुशासन,गरीब कल्याण के 11 साल होने पर संकल्प सिद्धि संकल्प सभा का आयोजन राजिम के यादव धर्मशाला भवन में विधायक रोहित साहू के मुख्य अतिथ्य में हुआ।

इस अवसर पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक रोहित साहू ने कहा कि मोदी सरकार 11 वर्षों में गरीब कल्याण के कई कार्य हुए जिन्हें जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। कहा कि योजनाओं का लाभ वंचित लोगों तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

**ये रहे उपस्थित :** इस कार्यक्रम को भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू, नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव, राजिम भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, भाजपा नेत्री छाया राही ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर गैंदलाल साहू, रामगुलाल साहू, सुनील श्रीवास्तव, कमल सिन्हा, सभापति आकाश राजपूत, शैलेंद्र साहू, रोमन बंजारे,ललित साहू,ऋषि दुबे, यश कर, सेवक सोनकर, बादल साहू,श्याम साहू,अखिलेश गुप्ता,आशीष साहू,आशीष पांडे,शरद पारकर, तुलस यादव,युवराज साहू धर्मेंद्र साहू,ओंकार साहू,मुकेश साहू,महेश वर्मा राजेश साहू,दिनेश साहू, मदन साहू, दुर्गेश धीवर सहित बूथ अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ता साहू बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।




# धीवर समाज का वार्षिक आमसभा एवं लोकार्पण आज

**राजिम।** छत्तीसगढ़ धीवर समाज परगना राजिम का आज 19 जून गुरुवार को विशेष आमसभा का आयोजन समाज के धर्मशाला आमापारा में होने जा रहा है। इस अवसर पर लोकार्पण भी होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सीएम भूपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता राजिम विधायक रोहित साहू करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ,सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू, जिला कमेटी के अध्यक्ष भावसिंह साहू, नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू मौजूद रहेंगे। द्वितीय सोपान के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मछुवा कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, अध्यक्षता धीवर समाज राजिम परगना के अध्यक्ष रामूराम तारक करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में महासभा के अध्यक्ष सुरेश धीवर,प्रदेश महासचिव रामलाल पेंदरिया, कोषाध्यक्ष पवन कुमार धीवर,जिला पंचायत सदस्य अन्नु तारक, जनपद सदस्य चित्ररेखा-दीपक तारक,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ सरपार,कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बसंत निषादआदि मौजूद रहेंगे।

■ धर्मशाला आमापारा में होगा समाजिक संगठन का महा सम्मेलन, सामाजिक मुद्दों पर होगा मंथन

# अवैध ताड़ी बिक्री पर देवभोग पुलिस की दोहरी कार्रवाई, 95 लीटर ताड़ी जब्त, दो गिरफ्तार

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के देवभोग पुलिस द्वारा फिर एकबार दो अलग अलग प्रकरणो मे 95 लीटर अवैध ताड़ी छिन्दरस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपियो के विरूध्द आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नया सवेरा अभियान के अंतर्गत गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अवैध रूप से शराब, गांजा तस्करी व बिक्री पर लगाम लगाने एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारियों को दिशा–निर्देश दिये गये थे। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्रें में मुखबीर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय कर लगातार कड़ी कार्यवाही की जा रही है।

■ तेलंगाना और ओडिशा निवासी हैं दोनों आरोपी

इसी क्रम मे दिनांक 17.05.2025 को जरियें मुखबीर से थाना प्रभारी देवभोग को सूचना प्राप्त हुआ की 1. बंगाला सैदुलू, 2. —ष्णावेनी गौड जो अलग अलग स्थान ग्राम धुमामुड़ा नदी किनारे एवं लखन डोंगरी ग्राम कैटपदर के पास अलग अलग समय मे दोनो आरोपियों के द्वारा अधिक मात्र में अवैध ताड़ी (छिंद रस) द्रव्य पदार्थ मदिरा रखकर बिक्री करने ग्राहक का इंतजार व बिक्री कर रहे हैं कि सूचना तस्दीक पर थाना से हमराह स्टाफ व गवाहों के साथ मुखबीर के बताये स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर अलग अलग समय मे दो व्यक्तियों को पकड़ा गया।




## अधूरे कार्यों को तय समय में करें पूरा, गुणवत्ता पर न हो समझौता

# निर्माण कार्यों में लापरवाही नहीं चलेगी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में निर्माण कार्यों की धीमी रफ्तार और घटिया गुणवत्ता पर कलेक्टर बी.एस. उइके सख्त हो गए हैं। बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित निर्माण एजेंसियों की समीक्षा बैठक में उन्होंने अफसरों को कड़ी फटकार लगाते हुए दो टूक कहा कि काम समय-सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरा हो, वरना जवाबदारी तय की जाएगी।

बैठक में पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन विभाग, आरईएस, पीएचई (ईएंडएम), सेतु निगम, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं पीएमजीएसवाई जैसे निर्माण विभागों के अफसर शामिल हुए। कलेक्टर ने अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, न्यायालय, तहसील कार्यालय और शासकीय आवासों के निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की।



**ठेकेदारों पर हो सख्त कार्रवाई :** कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो ठेकेदार काम में अनावश्यक देरी कर रहे हैं, उनके खिलाफ अनुबंध की शर्तों के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की है कि वे निर्माण कार्यों की सतत निगरानी करें और तय समय में काम पूरा करवाएं।

**जल जीवन मिशन पर कलेक्टर नाराज, जमकर लगाई फटकार :** विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो बैठक के दौरान जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा के वक्त संबंधित विभाग के अधिकारी पर कलेक्टर उइके जमकर बरसे। उन्होंने करोड़ों के निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति और संदिग्ध गुणवत्ता पर कड़ी आपत्ति जताई। अधिकारी के जवाबों से असंतुष्ट होकर कलेक्टर ने उसे कड़ी फटकार लगाई।

### अंतर्विभागीय समन्वय जरूरी

बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी स्तर पर विभागीय समन्वय में बाधा आ रही है तो तत्काल उच्च अधिकारियों को अवगत कराएं, ताकि समय रहते समाधान निकाला जा सके और कार्य की गति प्रभावित न हो।

### ये रहे उपस्थित

इस समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत, पीएचई के कार्यपालन अभियंता विप्लव धृतलहरे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## फिंगेश्वर पुलिस की कार्रवाई, अवैध शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**गरियाबंद।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे नया सवेरा अभियान के अंतर्गत पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना फिंगेश्वर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम फुलझर में छापेमारी कर 9 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत करीब 1,800 रुपए आंकी गई है।

■ "नया सवेरा" अभियान के तहत फुलझर गांव में छापा, 9 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर क्षेत्र में अवैध शराब व मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 18 जून को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर फिंगेश्वर थाना पुलिस ने ग्राम फुलझर के खदराही इलाके में दबिश दी। मौके पर सफेद प्लास्टिक के जर्किन में रखी 9 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई, जिसे आरोपी संतराम कमार बेचने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



**फिंगेश्वर पुलिस की तत्परता से ग्रामीणों में संतोष :** पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने की दिशा में सकारात्मक संदेश गया है। /"नया सवेरा/" अभियान के तहत ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# प्रवेशोत्सव में बच्चों का हुआ स्वागत गणवेश का भी किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शासकीय प्राथमिक शाला दादरगांव पुराना में 16 जून को शाला प्रवेशोत्सव जिले के सभी स्कूलों में मनाया गया।सर्वप्रथम माता सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर सभी छात्र एवं छात्राओं को तिलक एवं मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।

साथ ही छात्र-छात्राओं को गणवेश वितरण किया गया। सरपंच दुवासुराम ठाकुर ने छात्राओं एवं पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र छात्राएं को हर रोज स्कूल आना चाहिए और मन लगाकर शाला में पढ़ाई करनी चाहिए और पालकों को अपने संबोधन में कहा कि सभी पालक अपने बच्चों को रोज स्कूल भेजने का प्रयास करें।



### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पंच अख्तर, समन्वयक मनहरन यादव, प्रभारी प्राचार्य ऋषि कुमार साहू, प्रधान पाठक शिवकुमार ठाकुर, शिक्षिका टीकम सिन्हा, भारती ठाकुर, यमुना ठाकुर, टूमेन दीवान, जनभागीदारी के अध्यक्ष बलिराम विश्वकर्मा, समाजसेवी शीतल ध्रुव, पुनितराम ठाकुर, रवि ठाकुर, नरेंद्र यादव सहित स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं पालक गण उपस्थित थे।

## सुरसाबांधा प्राथमिक शाला में विद्यार्थियों को वितरित किए गए गणवेश

**श्यामनगर।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला सुरसाबाँधा में आज विद्यार्थियों को गणवेश वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नए सत्र के लिए गणवेश प्रदान किए गए, जिससे बच्चों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संकुल समन्वयक दसरथ वर्मा, विद्यालय के प्रधानपाठक, शिक्षक नीलकंठ साहू, श्री ढाडे, वार्ड क्रमांक 1 की पंच श्रीमती सोहाद्र वर्मा एवं भूतपूर्व पंच मोनु वर्मा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बच्चों को गणवेश वितरण कर उन्हें पढ़ाई में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष शिक्षा क्षेत्र में सभी का सहयोग अतुलनीय रहा है और आगे भी इसी भावना से कार्य करते हुए बच्चों के भविष्य को संवारने का प्रयास जारी रहेगा। कार्यक्रम के समापन पर समस्त गुरुजनों को सादर प्रणाम कर उनके मार्गदर्शन और सहयोग के प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई।

## विश्व मलेरिया दिवस पर निकाली गई जनजागरूकता रैली

**छुईहा बेलर।** विश्व मलेरिया दिवस पूरे क्षेत्र में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया तथा मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जन-जागरूकता पैदा की गई। मलेरिया रोकथाम पखवाड़े के अवसर पर मलेरिया से बचाव के लिए ग्राम चरौदा में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्वास्थ्य प्रेरक कार्यकर्ता, मितानिन कार्यकर्ता एंव पंचायत द्वारा रैली व प्रचार प्रसार कर विशेष जन जागरूकता अभियान बुधवार को चलाया गया।

विश्व मलेरिया दिवस का उद्देश्य लोगों को मलेरिया से बचाव व सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा बेहतर स्वास्थ्य के लिए उनके व्यवहार में बदलाव लाना है। इस रैली का मुख्य उद्देश्य पर स्वास्थ्य कर्मी पुनम ध्रुव ने कहा लोगों को मलेरिया के बारे में जागरूक करना



और उन्हें इस बीमारी से बचने के उपायों के बारे में शिक्षित करना है।इस मौके पर विशेष तौर से जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक, सरपंच चरौदा गजानंद साहू रैली में शामिल हूये साथ में खेमचंद साहू,संजु निर्मलकर,मनिष साहू उपस्थित थे। रैली के दौरान इश्वरी बंजारे चरौदा के आग्रह पर उनके घर पहूंचे और पी एम आवास के आभाव में जर्जर भवन में रहने को मजबूर दशा को देखा। इंद्रजीत महाड़िक ने उदारतापूर्वक उन्हे बारिश पुर्व झिल्ली लेने एक हजार रूपए नगद सहयोग राशि दिए गए।

## नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कराकर व तिलक लगाकर किया स्वागत



**गरियाबंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला खट्टी में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों को मुँह मीठा करा, तिलक लगाकर गणवेश वितरण किया गया। शाला प्रवेशोत्सव के बारे मे जानकारी देते हुए सहायक शिक्षक गिरीश शर्मा ने कहा की नवीन शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने के साथ ही ये आयोजन इसलिये किया जाता है कि नवप्रवेश लेने वाले बच्चे विद्यालय आने में किसी प्रकार का संकोच ना करे तथा विद्यालय में भी उन्हें घर जैसा खुशनुमा माहौल मिले तथा बड़े बच्चे उनसे घुल मिल सके और पढ़बो सब झन गढ़बो जन जन के नारे को सार्थक कर सकें और कोई भी बच्चा अप्रवेशी ना रहे। माध्यमिक शाला के प्रभारी प्रधान पाठक चैन सिंह यादव ने अनुरोध किया की सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आवे पालकों को भी इस ओर ध्यान देना होगा। प्राथमिक शाला प्रधान पाठक गीता चंद्राकर ने कहा कि सभी पालकगण अपने बच्चों को घर में भी पढ़ाई के साथ साथ संस्कार की बातें भी बताएं तभी बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा। तत्पश्चात 1 ली एवं 6वीं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को तिलक लगा, खीर पूरी खिला, गणवेश प्रदान किया गया।

**ये रहे उपस्थित** : कार्यक्रम में पंच रामप्रसाद ध्रुव, पूर्व पंच हेमबाई, ग्रामीण जन शांतू राम, प्रभु लाल यादव, हेमलाल पटेल, मनीष चंद्राकर, चैन सिंह यादव, देवेन्द्र कांशी, टी आमदे , गीता चंद्राकर, मीना यादव, एन बाई, ममता निषाद, साधना चंद्राकर, चमेली ध्रुव, डिगेस्वरी ध्रुव, पूर्णिमा बाई, नीरा बाई, दीपक ध्रुव, केशरी ध्रुव, तामेस यादव, धर्मेंद्र ध्रुव आदि उपस्थित थे।






प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

**खबर संक्षेप**

### स्व. शिक्षक के परिवार की कर्मचारी संघ ने की आर्थिक सहायता



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम खड़मा में विगत दिवस शिक्षक हेमन्त दीवान का निधन हो जाने पर जय खड़ा देव कर्मचारी संघ की सदस्यों के द्वारा शिक्षक स्वर्गीय हेमंत दीवान के परिवार को संबल प्रदान करने के लिए 10 हजार की अनुग्रह राशि उसकी पत्नी सविता दीवान को भेंट किया गया। जिसमें कर्मचारी संघ के अध्यक्ष, सचिव एवं सभी सदस्य गण सम्मिलित हुए।

### माधुरी कुर्रे ने किया आर्सेनिक विषैले तत्व पर शोध कार्य पूर्ण

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पाठसिवनी(छुरा) निवासी शिवनारायण खुटे प्रबंधक आदिमजाति सेवा सहकारी समिति



पाठसिवनी के पुत्री माधुरी कुर्रे पति रामसिंग कुर्रे ने रसायन विभाग नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय रायपुर में डॉ. सरोज शर्मा सहायक प्राध्यापक विज्ञान महाविद्यालय रायपुर के मार्ग निर्देशन में अपना शोध कार्य का 16 जून को पूर्ण किया इनके शोध का विषय अम्बागढ़ चौकी जिला राजनांदगांव छ.ग.के विभिन्न खाद्य फसलो एवं सब्जियों में आर्सेनिक विषैले तत्व के संचय एवं विशिष्ट गुणों का अध्ययन एवं शोध करना था। जिसके प्रस्तुति रसायन विभाग के पं. रविशंकर शुक्ला विश्व. विद्यालय रायपुर के सभागार में प्रोफेसर महिन्द्रा किशोर भटनागर पं शंभुनाथ शुक्का विश्वविद्यालय शहडोल म.प्र. के समक्ष सम्पन्न हुआ यह कार्य आने वाले पिढियों एवं हमारे क्षेत्र के लिए बहुत भी गर्व की बात है।

## ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने दिखाई सैन्य शक्ति, अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान हुआ बेनकाब

# संकल्प सिद्धि कार्यक्रम में पूर्व विधायक बोले मोदी ने भारत को दी नई ऊंचाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

संकल्प सिद्धि कार्यक्रम में कौंदकेरा पहुंचे राजिम क्षेत्र के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन 11 वर्षो में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण काम हुए। कहा कि आर्थिक विकास और सुधार मोदी सरकार ने आर्थिक सुधारों और उदारीकरण की शुरूआत की जिससे भारत की विकास दर बढ़ी।

गरीब कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरू की। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, जिसके तहत करोड़ो लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। आयुष्मान भारत जैसी स्वास्थ्य योजनाएं भी शुरू की गईं। मोदी सरकार ने बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया, जिसमें सड़क निर्माण, रेलवे विकास और हवाई अड्डों का सुधार शामिल है। 11 सालों में 3.8 लाख किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण हुआ है। विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा मोदी सरकार ने विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी ध्यान केंद्रित किया।

### नवाचार को मिला बढ़ाव, ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने दिखाई ताकत

सरकार ने डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाएं शुरू कीं, जिससे देश में तकनीकी विकास और नवाचार को बढ़ावा मिला। महिला सशक्तिकरण और शिक्षा पर भी जोर दिया। जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि ओंकार साहू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक सैन्य अभियान था जो मई 2025 में हुआ। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर हवाई हमले किए। यह ऑपरेशन पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में किया गया था, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। इस ऑपरेशन का उद्देश्य पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाना था।



## मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों पर हुई चर्चा

**फिंगेश्वर।** 17 जून को ग्राम परसदाकला मे भारतीय जनता पार्टी मंडल फिंगेश्वर के द्वारा केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश तथा जिला के निर्देशानुसार संकल्प सिद्धि विकसित भारत के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 सालों के कार्य को लेकर सभा का आयोजन किया गया जिसमे लोगो को केन्द्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियो को बताया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार्यक्रम की आयोजक मंडल के अध्यक्ष श्रीमती मंजुलता हरित ने ग्रामीणों के बीच में बताया कि देश के प्रधानमंत्री के द्वारा उज्वला योजना के तहत सभी महिलाओं को गैस सिलेडर दिया गया जिससे महिलाओं को धुंये से छुटकार मिला।किसान सम्मान निधि के तहत 6000 की राशि देनक किसानों क सम्मान किया जा रहा है जिससे किसान अपनी छोटी मोटी जरूरत को पूरा कर रहे हैं। पूरे भारत मे स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालयों का निर्माण कराकर लोगो को शौचालय के लिए बाहर जाने से रोका। इसी प्रकार बहुत से योजनाओं का संचालित कर भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा मे आज



भी काम कर रहे हैं। मोदी जी के गारंटी और विष्णु देव साय जी के सुशासन के तहत राज्य सरकार के द्वारा महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत 1000 दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता रामू राम साहू ने कहा कि मोदी जी के 11 साल के अनेक जल कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया है। आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में नरेंद्र मोदी को जाने जाते हैं।कार्यक्रम में जिला से प्रमुख वक्ता के रूप में राजिम मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमप्रकाश साहू ने भी केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीणों के बीच में लेखा–जोखा प्रस्तुत किया।

**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, वरिष्ठ नेता भागवत हरित, वरिष्ठ नेता रामूराम साहू, मंडल उपाध्यक्ष मिजून साहू, मंडल उपाध्यक्ष एवं जिला सहकारी समिति के अध्यक्ष मंडल उपाध्यक्ष जनक श्रीवास, महामंत्री भुवन साहू, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण साहू, नरोत्तम सिंन्हा, नेमीचंद देवांगन, तुलाराम साहू सहित 200 कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां

**रसेला।** केंद्र में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 वर्षीय गौरवशाली समय पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है यह अभियान विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल पर किए गए कार्य पर आधारित है ,इसी कड़ी में आज मलेवाअंचल मंडल के द्वारा संकल्प से सिद्धि विकसित भारत अमृत काल के कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत रुवाड़ में किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष पारस ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के पुरोधाओं की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष पारस ठाकुर ने कहा कि हम सभी एक ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर एकत्रित हुए हैं जब हम भारत की प्रगति की उस यात्रा का स्मरण कर रहे हैं जब वर्तमान केंद्र की भाजपा सरकार ने 11 वर्षों में न केवल भारत को स्वर्णिम युग की ओर लेकर चला है बल्कि उसे एक नव संकल्प और और नवशक्ति से आगे बढ़ाया है, वर्ष 2014 भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक मील का पत्थर बनकर आया है जिसमें एक प्रचंड जनादेश के साथ नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनी है। सबका साथ- सबका विकास- सबका विश्वास और अब सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ भारत को एक नए युग में प्रवेश कराया है। आज हमारा देश विकासशील से विकसित भारत की ओर अग्रसर हो रहा है जो हम सबके लिए गर्व की बात है।






## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में किया सर्वांगीण विकास: डॉ. आशीष शर्मा

**मुड़ागांव(कोरासी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष के पूर्ण होने का अवसर पर भाजपा द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन मंगलवार को खड़मा भाजपा मंडल के तत्वावधान में खोपलीपाठ धाम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य



वक्ता जिला संयोजक डॉ आशीष शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अब तक के 11 वर्षों का कार्यकाल देश के हर वर्गों के उत्थान सामाजिक धार्मिक एवं सैन्य शक्ति को अधिक ताकतवर करने में स्वर्णिम काल रहा है मोदी सरकार की नीतियों के माध्यम से देश में भारत के नवनिर्माण का नया अध्याय लिखा गया है। माननीय नरेन्द्रमोदी जी के ग्यारह साल का कार्यकाल बेमिसाल रहा है ।

**ये रहे उपस्थित**

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमन्त सिन्हा,जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर,सभापति उत्तरा पटेल, पुष्पलता सिन्हा मंडल,महामंत्री गुलशन सिन्हा, पालेंद्र साहू,उपाध्यक्ष रमन नामदेव,पूर्व मंडल अध्यक्ष पीलू राम यादव कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम गोस्वामी,सरपंच यशवंत ठाकुर, एवं समस्त भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा,ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123